सत्यमेव जयते

| राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary |
|---|---|
| साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |
| भाद्र 25, मंगलवार, *शाके* 1947- सितम्बर 16, 2025<br>Bhadra 25, Tuesday, Saka 1947- September 16, 2025 | |

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

**स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर**

अधिसूचना

**जयपुर, सितम्बर 01, 2025**

**संख्या प.10(न.पा.)(गठन)( चुनाव)डीएलबी/25/17221:-**राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर धौलपुर द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका सैपऊ हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

**राज्यपाल की आज्ञा से,**

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
**निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।**

**<u>नगर पालिका सैपऊ का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025</u>**

| वार्ड सं. | सीमा विवरण | जनसँख्या |
|---|---|---|
| 1. | राजस्व ग्राम सैपऊ में भरतपुर रोड पर राजाकानगला के मोड से उत्तर दिशा में चलते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग 123 तक , पूर्व दिशा में चलते हुये रमजी पुत्र नानिगा के मकान तक, दक्षिण दिशा में केके हास्पीटल को सम्मलित कर सीधा चलते हुये धौलपुर रोड तक ,पश्चिम दिशामें चलते हुये भरतपुर चौराहे से नवलसिंह के घर को सम्मलित करते हुये बडी नहर के सहारे सहारे ग्राम राजाका नगला तक ,उत्तर दिशा में चलते हुये भरतपुर रोड पर राजा का नगला के मोड तक । | 570 |
| 2. | राजस्व ग्राम सैपऊ में भरतपुर धौलपुर रोड पर नहर चौराहे से दक्षिण दिशा में बाडी रोड पर चलते हुये गोपाल / बेदरिया के घर को सम्मलित करते हुये बाडी रोड की दायी तरफ की आबादी को सम्मलित करते हुये पुराने बैंक तिराहे से पश्चिम दिशा में बसेडी रोड पर चलते हुये छिंगा पुत्र | 604 |

| | | |
|---|---|---|
| | मवसिया के घर को सम्मलित करते हुये ग्राम खपरैला की सीमा से उत्तर दिशा में चलते हुये नहर तक ,पूर्व दिशा में नहर के सहारे भरतपुर धौलपुर रोड नहर चौराहे तक । | |
| 3. | राजस्व ग्राम सैपऊ में पुराने बैंक तिराहे से पश्चिंम में बसेडी रोड पर सुल्तान के घर को सम्मलित करते हुये दक्षिण में मढी मोहल्ला की सीमा तक , पूर्व मे काशीराम का अड्डा को सम्मलित करते हुये पुराने बैंक तिराहे तक । | 637 |
| 4. | राजस्व ग्राम सैपऊ मे दक्षिण में बाडी रोड पर चलते हुये दायी तरफ मढी मौहल्ला को सम्मलित करते हुये एवं मढी मौहल्ला के दक्षिण पूरव में स्थित सीबीओ आफिस के पीछे से होते हुये बाडी रोड तक एवं बाडी रोड के बायी ओर बघेल बस्ती वाली रोड से होते हुये पुन बाडी रोड पर मढी मौहल्ला के मोड तक । | 636 |
| 5. | राजस्व ग्राम सैपऊ में बाडी तिराहे से पूर्व मे सुनार गली के दाँई तरफ सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र को सम्मलित कर बघेल बस्ती , फकीर मोहल्ला , कोली मोहल्ला , कुरैशी मोहल्ला को सम्मिलित करते हुए पश्चिम दिशा में संदीप जाट के घर से मस्जिद होते हुये पुन बाडी तिराहे तक। | 575 |
| 6. | राजस्व ग्राम सैपऊ में सुनार गली में संतोष/ कबीर के मकान से कसाई मोहल्ला वाली रोड़ के बाँई तरफ की आबादी एवं ठाकुर मोहल्ला, पुराने बाजार के लिए चलते हुए बाँई तरफ की आबादी को सम्मिलित कर दक्षिण में मिश्र मोहल्ला पुराने बाजार से होते हुए जामा मस्जिद के सामने वाली रोड से होते हुये सुनार गली तक । | 538 |
| 7. | राजस्व ग्राम सैपऊ में जामा मस्जिद से दक्षिण में पुराने बाजार वाली रोड़ पर चलते हुए<br>पूर्व दिशा में पुरानी तहसील के पीछे की आबादी को सम्मिलित करते हुये मिश्र मोहल्ला एवं दक्षिण में धोबी बस्ती में मोहनलाल/तेजसिंह के घर को सम्मिलित करते हुए मरैया हबेली से होते हुए गिर्राजप्रसाद के घर से होते हुये पुन जामा मस्जिद तक । | 558 |
| 8. | राजस्व ग्राम सैपऊ में धौलपुर रोड़ से पूर्व में चलते हुए पुरानी तहसील रोड़ पर दक्षिण में कन्या पाठशाला सैपऊ को सम्मिलित करते हुए पूर्व में रामभरोसी के घर से होते हुए विशम्भर के घर को सम्मिलित कर माता की मढ़ी तक एवं अस्तल मन्दिर वाली रोड़ के दोनों तरफ की आबादी को सम्मिलित करते हुए मिश्र मोहल्ला वाली रोड़ से होते हुये कन्या पाठशाला तक । | 543 |
| 9. | राजस्व ग्राम सैपऊ में धौलपुर रोड़ पर पूर्व दिशा में चलते हुए तिवारी मैरिज होम वाली रोड़ के दक्षिण में इस्माइल के घर को सम्मिलित कर दक्षिण में बनिक मोहल्ला एवं पुरानी पानी की टंकी के पूर्व दिशा में चल | 510 |

| | | |
|---|---|---|
| | कर शिवानारायण तिवारी के घर को सम्मिलित करते हुए पूर्व दिशा में अस्तल के मंदिर से होते हुये उत्तर दिशा में तिवारी मैरिज होम तक । | |
| 10. | राजस्व ग्राम सैपऊ के दक्षिण में स्थित रिंग रोड़ के बाँई तरफ कन्ना का डाँडा को सम्मिलित करते हुए एवं कन्ना का डाँडा के दक्षिण में राजस्व ग्राम महादेव को सम्मिलित करते हुए पुनः कन्ना के डाँडे तक | 507 |
| 11. | राजस्व ग्राम सैपऊ में धौलपुर रोड़ पर पूर्व दिशा में चलते हुए एवं राष्ट्रीय राजमार्ग NH-123 के मिलान बिन्दु के दाँई ओर स्थित राजस्व ग्राम सालेपुर की आबादी क्षेत्र से होते हुए पश्चिम दिशा में पंचायत समिति को सम्मिलित करते हुए उत्तर दिशा में धोलपुर रोड़ तक एवं पूर्व दिशा में चलते हुए पुन NH-123 एवं धौलपुर रोड के मिलान बिन्दु तक । | 654 |
| 12. | राजस्व ग्राम सैपऊ में धौलपुर रोड़ पर पूर्व दिशा में चलते हुए PBM स्कूल के सामने दक्षिण दिशा की ओर OBC छात्रावास रोड़ पर गाड़िया लुहार बस्ती एवं सैय्यद बस्ती को सम्मिलित करते हुए कोर्ट परिसर, ITI कॉलेज को सम्मिलित करते हुए उत्तर पूरेव दिशा में SC छात्रावास रोड़ के बाँई तरफ का आबादी को सम्मिलित करते हुए पुन PBM स्कूल तक । | 546 |
| 13. | राजस्व ग्राम सैपऊ में पूर्व दिशा में धौलपुर रोड़ पर चलते हुये श्रीभगवान कॉलेज के सामने रामनिवास / माखनलाल के घर को सम्मलित करते हुये दक्षिण भीम नगर, अम्बेडकर स्मारक वाली गली, SC छात्रावास वाली गली, बिजली घर एवं पेट्रोल पम्प को सम्मिलित करते हुए दक्षिण दिशा में पंचायत समिति रोड़ से होकर कदमखण्डी हनुमान जी मन्दिर को शामिल करते हुये कदमखण्डी हनुमानजी मन्दिर रोड से होते हुये धौलपुर रोड तक,एवं पश्चिम दिशा में धौलपुर रोड पर PVM विद्यालय तक । | 562 |
| 14. | राजस्व ग्राम सैपऊ में धौलपुर रोड़ पर पूर्व दिशा में चलते हुए डबरामण्डी के सामने<br>श्यामबाबू के घर को सम्मलित करते हुये शिवनगर वाली रोड़ पर दक्षिण की ओर चलते हुए बाँई ओर का आबादी क्षेत्र एवं दक्षिण में अजमेर के घर से पूर्व की ओर चलते हुए सुरेश के घर तक एवं पुनः उत्तर की ओर चलते हुए बाँई ओर का आबादी क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए नरेश के घर तक एवं नरेश घर से पश्चिम दिशा में चलते हुए राधेश्याम के घर को सम्मलित करते हुये श्यामबाबू के घर तक । | 544 |
| 15. | राजस्व ग्राम सैपऊ में धौलपुर रोड़ पर पूर्व में चलते हुए दाँई ओर स्थित तिवारी मैरिज होम के दाँई ओर की गली में दक्षिण की ओर चलते हुए रमेश के घर तक का बाँई ओर का आबादी क्षेत्र एवं रमेश के घर से पूर्व में चलते हुए पप्पू के घर तक एवं महावीर के घर को सम्मिलित करते हुए उत्तर में चलने पर बाँई ओर का आबादी क्षेत्र देवेन्द्र के घर तक एवं देवेन्द्र के घर से पश्चिम में चलने पर तिवारी मैरिज होम के बाँई ओर | 590 |

| | | |
|---|---|---|
| | वाली गली को सम्मलित करते हुये तिवारी मैरिज होम तक । | |
| 16. | राजस्व ग्राम सैपऊ में पूर्व दिशा में धौलपुर रोड़ पर चलते हुये डबरा मण्डी वाली सड़क के मोड से उत्तर दिशा में चलते हुए नहर तक एवं पूर्व दिशा में नहर के सहारे चलते हुय खेतो को सम्मलित करते हुये दक्षिण दिशा में दाँई ओर डबरा मण्डी वाली रोड से पुन धौलपुर रोड तक । | 644 |
| 17. | राजस्व ग्राम सैपऊ में धौलपुर रोड़ पर पूर्व में BR गार्डन के दाँई ओर वाली गली में दक्षिण की ओर चलते हुए दाँई ओर के आबादी क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए दिनेश के घऱ तक दिनेश के घर से दक्षिण-पश्चिम में चलते हुए पूरन के घर तक एवं घटिया स्कूल के पीछे रतनलाल के घर को सम्मिलित करते हुए सुल्तान के घर से होते हुए पुन BR गार्डन तक । | 588 |
| 18. | राजस्व ग्राम सैपऊ में पूर्व दिशा में धौलपुर रोड़ पर दाँई ओर स्थित ग्राम पंचायत भवन के दक्षिण दिशा मे चलते हुए कम्पू लीलगर के घऱ से हो कर विद्याराम के घर तक एवं उत्तर दिशा में पुरानी तहसील वाली रोड़ को सम्मिलित करते हुए डबरा मण्डी वाली रोड़ के बाँई तरफ की आबादी से होते हुए नहर तक एवं पश्चिम दिशा में नहर के सहारे चलते हुए दक्षिण दिशा में पुन ग्राम पंचायत भवन तक | 514 |
| 19. | राजस्व ग्राम सैपऊ में पूर्व दिशा में धोलपुर रोड़ पर पुलिस थाने के दाँई ओर वाली गली में सेठ बहादुर के घर को सम्मिलित करते हुए लक्ष्मन मोदी के घर से होकर गर्ग कॉलोनी एवं कुम्हार कॉलोनी को सम्मिलित कर शिवकुमार के घर तक एवं ग्राम पंचायत भवन के उत्तर दिशा में चलते हुए आबादी क्षेत्र को सम्मिलित कर पश्चिम दिशा में नहर के सहारे चल कर दक्षिण दिशा में GS AVM स्कूल से होते हुये पुन पुलिस थाने तक । | 502 |
| 20. | राजस्व ग्राम सैपऊ में भरतपुर-धौलपुर रोड़ चौराहे पर भोले मिष्टान्न भण्डार से धौलपुर रोड़ पर चलते हुए पुलिस थाना परिसर तक, दक्षिण दिशा में अजय तिवारी के घर को सम्मलित करते हुये थाना परिसर होकर जाटव मौहल्ला सम्मलित करते हुये बाडी रोड पर गोगाजी मिष्ठान भंडार तक,बाडी रोड पर उत्तर दिशा में चलते हुये भरतपुर चौराहे पर भोले मिष्ठान भंडार तक । | 570 |

**राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।**